अजमेर दक्षिण में 71 लाख से होंगे विकास कार्य: विधायक भदेल

■ जे.पी. नगर में रिटेनिंग वॉल एवं सड़क निर्माण का किया शिलान्यास : भदेल

अजमेर शहर(निसं)। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल द्वारा विकास कार्यों को निरंतर गति प्रदान करते हुए रविवार को वार्ड नम्बर 55 जे.पी. नगर, नाका मदार क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल एवं सड़क चौड़ीकरण तथा सेक्टर-1, टेम्पो स्टेण्ड के ऊपर क्वार्टर के पास सीसी सडक का निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। क्षेत्रवासियों द्वारा इस वॉल एवं सड़क निर्माण की काफी समय से मांग की जा रही थी। ये कार्य 56 लाख रुपए की लागत से करवाए जायेगें।

विधायक भदेल द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि नाका मदार के जे.पी. नगर क्षेत्र में रिटेनिंग वॉल के निर्माण की काफी समय से मांग चल रही थी। बरसात के समय पहाड़ी से पानी के बहाव के साथ मिट्टी का कटाव होता रहता था तथा पहाड़ से पत्थर, मलबा आदि खसककर सीधा सडक पर आ जाता था। पहाड के समीप कोई सुरक्षा दीवार नहीं होने से बरसात का पानी तेज बहाव के साथ यहां बने मकानों में घुस जाता है। रात्रि के समय स्थिति और अधिक दयनीय हो जाती थी। सडक पर पहाड़ से सरककर पत्थर आने से राहगीरों एवं वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका भी हमेशा बनी रहती थी। इस दीवार के निर्माण ये इन समस्याओं का स्थायी समाधान हो जायेगा। पहाडी क्षेत्र से जो कचरा आदि सडक व घरों में आ जाता था, वह भी दीवार से रूक जायेगा। यह रिटेनिंग वॉल इस पहाडी के कुछ हिस्से को काटकर खड़ी की जायेगी ताकि सडक़ भी चौड़ी हो सकें। उन्होंने अवगत करवाया कि इस सडक के सकड़ा होने के कारण कई बार आपात स्थिति में एम्बुलेंस आदि घरों तक नहीं पहुंच पाती थी, जिससे मरीज व उसके परिजनों को काफी परेशानियां होती थी। लेकिन यहां की सड़क चौडी हो जाने से यातायात भी सुगम होगा और आपात स्थिति में वाहन घर तक पहुंच पायेगें। यह दीवार करीब 170 मीटर लम्बी बनेगी, जिसकी लागत 38.40 लाख रुपए आएगी।

विधायक भदेल द्वारा क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि हमें भी साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। जिस प्रकार हम अपने घरों को साफ रखते है, उसी प्रकार हमें अपनी गली, मोहल्ले, क्षेत्र आदि को साफ रखना चाहिए। घरों का कचरा हमें इधर-उधर, खाली प्लॉट, बगीचे नाले-नाली आदि में नहीं फेंकना चाहिए। नगर निगम द्वारा संचालित कचरा लेने हेतु वाहन आते है, उसमें ही हमें अपने घरों का कचरा सावधानीपूर्वक डालना चाहिए। ताकि सडक़ पर कचरा न बिखरें।

17.50 लाख से जे.पी.नगर सेक्टर-1 में गलियां का होगा निर्माण: विधायक भदेल द्वारा जे.पी. नगर सेक्टर-1, क्वार्टर के पास की चारों गलिया में सीसी सडक़े निर्माण का शिलान्यास करते हुए कहा कि ये गलियां काफी समय से क्षितग्रस्त हो गई थी। जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को आने-जाने में काफी समस्या आ रही थी। क्षेत्रवासियों एवं जनप्रतिनिधि द्वारा इन गलियों के निर्माण बाबत बार-बार आग्रह किया जा रहा था। अब इन गलियों में सी.सी. सडक बनाई जायेगी। यह सीसी सडक 300 मीटर लम्बी होकर 17.50 रूपए की लागत से बनाई जायेगी। जिससे आवागमन काफी सुविधाजनक हो जायेगा।

इस मौके पर नगर परिषद के पूर्व सभापति सुरेन्द्र सिंह शेखावत, शहर जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादौन, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा गोस्वामी, पार्षद अंजना शेखावत, महामंत्री रोहित सोगरा, महामंत्री संदीप माखीजानी, मंत्री राजेश भाटी, मंजू शर्मा, रेनू शर्मा, जयसिंह भाटी, देवेन्द्र कुमार, माणकचंद, अभिषेक, निर्मल, किशन, जितेन्द्र टांक, भावना शर्मा, विक्रम सिंह शेखावत, जगदीश यादव, महावीर सिंह, नकुल, दिनेश गुप्ता, नैनी, रोशन तंवर, चंदू गुर्जर, सुरेंद्र गुर्जर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

हनुमान जयंती पर सामूहिक विवाह सम्मेलन

ब्यावर (निसं)। साहू समाज समिति द्वारा साहू वाटिका में एक साधारण मीटिंग का आयोजन किया गया। साहू समाज द्वारा तेलियान वैवाहिक समिति का अध्यक्ष रमेश जादम को बनाया गया जिनका माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया अध्यक्ष बुधराम जादम ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 को साहू समाज द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन होना तय हुआ है। उन्होंने समाज के सभी लोगो से तन मन धन से भाग लेकर होने वाले सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन को सफल बनाने का निवेदन किया है। महामंत्री माणक जादम ने बताया कि सामूहिक वैवाहिक सम्मेलन में पूरे प्रदेश से जोडे सादर आमंत्रित किये गए है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा संख्या में जोडो को भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाने का कहा है।

सार-समाचार

स्काउटिंग का महाकुंभ लखनऊ में19वी राष्ट्रीय जम्बूरी

ब्यावर(निसं)। भारत स्काउट व गाइड प्रत्येक चार वर्षों में राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन करता हैं। संस्कृति के आदान-प्रदान, सेवा भावना और नेतृत्व विकास, पर्यावरण जागरूकता, वैश्विक मित्रता को बढ़ावा देना एंव शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के उद्देश्य को लेकर जम्बूरी आयोजित की जाती हैं। भारत में प्रथम राष्ट्रीय जम्बूरी सन 1953 हैदराबाद में आयोजित हुई। 18वी राष्ट्रीय जम्बूरी रोहट, पाली राजस्थान में आयोजित की गई। 19वी राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ उत्तरप्रदेश में 23 से 29 नवम्बर 2025 तक आयोजित होगी । भारत स्काउट व गाइड के सहायक लीडर ट्रेनर सुरेश चन्द फुलवारी ने बताया कि भारत स्काउट व गाइड डायमंड जुबली ठााण्ड फिनाले 19वी राष्ट्रीय जम्बूरी, डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर 15, वृन्दावन योजना, लखनऊ, उत्तरप्रदेश में आयोजित होगी। इस जम्बूरी में पुरे देश से लगभग बतीस से तेतीस हजार स्काउट गाइड सम्मिलित होंगे। इसमें से लगभग नौ हजार स्काउट गाइड मेजबान राज्य उतरप्रदेश के होंगे। राजस्थान राज्य को इसमें 1604 स्काउट गाइड का कोटा मिला हैं। इसमें 720 स्काउट 640 गाइड के अलावा स्काउटर, गाइडर, जिला दल और राज्य दल के सदस्य होंगे । उतर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी अवसर पुरे 61 वर्षों के अन्तराल बाद मिला हैं। पिछली बार उत्तर प्रदेश में जम्बूरी का आयोजन 1964 में प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था। जम्बूरी स्थल पर लगभग 3500 से ज्यादा टेंट, 64 रसोई,एक अस्थायी स्टेडियम, 100 बेड का अस्थायी अस्पताल डिस्पेंसरी, एम्बुलेंस सेवाएँ, हेल्पलाइन और कंट्रोल रूम आदि की व्यवस्था होगी। 29 सितम्बर 2025 को 19वी राष्ट्रीय जम्बूरी का लखनऊ उत्तरप्रदेश में भूमिपूजन किया जा चूका हैं, यंहा पर एक टेंट सिटी विकसित की जा चुकी है 22, 23 नवम्बर से स्काउट गाइड की बसावट शुरू हो जायेगी ।

पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने 14 सर्विस सेंटरों पर की कार्रवाई

मांगलियावास(निसं)। राज्य में बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सडक़ सुरक्षा सप्ताह के दौरान मांगलियावास थाना अधिकारी दिनेश कुमार के निर्देशन में गठित टीम ने 14 सर्विस सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की हाईवे किनारे वाहन खडे करने, सडक़ पर पानी और मिट्टी फैलने तथा गड्ढे बनने जैसी वजहों से दुर्घटना की संभावना पाए जाने पर यह संयुक्त कार्रवाई पुलिस और हाईवे पेट्रोलिंग टीम द्वारा की गई। टीम में एएसआई रामस्वरूप सोहेल, कांस्टेबल शिवराज, चालक रोशन सिंह तथा पेट्रोलिंग टीम के गणपत सिंह रावत, शक्ति सिंह, विक्रम सिंह और प्रभुलाल शामिल थे, कुछ दिन पहले भी संचालकों को समझाने का प्रयास किया गया था लेकिन सुधार नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई।

अचानक लगी आग, चारा और कुट्टी जलकर राख

मांगलियावास (निसं)। जेठाना गांव के समीप मोतीपुरा में रविवार दोपहर अचानक लगी आग से बाड़े में रखा करीब दस ट्रॉली चारा और दो ट्रॉली कुट्टी जलकर राख हो गई। सूचना पर एएसआई रामस्वरूप सोयल, कांस्टेबल शिवराज और चालक रोशन सिंह मौके पर पहुंचे, आग की लपटों ने पास खड़े ट्रैक्टर ट्रॉली के टायर भी जला दिए, ग्रामीणों और युवाओं ने पानी के टैंकर मंगाकर आग पर काबू पाया। थाना अधिकारी दिनेश चौधरी ने नगर निगम दमकल विभाग को सूचना दी जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और धुएं व शेष आग पर पानी का छिडक़ाव किया पीड़ित शंकरलाल के अनुसार लगभग तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। पटवारी गजेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर मौका पर्चा तैयार किया। ग्रामीणों ने समय रहते बाड़े में बंधे मवेशियों को बाहर निकालकर बड़ा नुकसान होने से बचा लिया।

नि शुल्क मृगी रोग शिविर में 43 रोगी हुए लाभान्वित

गुलाबपुरा(निसं)। स्थानीय श्री प्राज्ञ मिर्गी रोग निवारक समिति द्वारा माह के तृतीय रविवार को संस्था परिसर में शिविर लगाया गया। संस्था के मंत्री पदम चंद खटोड़ ने बताया की शिविर में राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर के वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर विक्रम बोहरा ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए 43 मरीजों को, जिनमें 8 मरीज नए आए, जिनको सेवा प्रदान की एवं निशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में अनिल चौधरी ने मरीजों को मृगी रोग से बचाव व योग के बारे में विस्तार से समझाते हुए योगा नियमित रूप से करने पर जोर दिया। मंत्री पदमचंद खटोड़ ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी, अध्यक्ष घेवर चंद श्रीमाल ने आभार व्यक्त किया। बुधाराम ने सभी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामना दी। लाभार्थी परिवार से अनूप, सरोज, परमा, अनिता, मीनाक्षी भी उपस्थित रहे। शिविर में मदन लाल लोढ़ा, मदन लाल रांका, सुशील चौधरी, दिनेश जोशी, प्रेम पाडलेचा, दिलीप पाराशर ने सेवाएं प्रदान की। शिविर में मरीजों एवं उनके परिजनों हेतु नि:शुल्क भोजन की व्यवस्था स्वर्गीय प्रेम कंवर धर्मपत्नी स्वर्गीय जयसिंह चौधरी की पुण्य स्मृति में पुखराज चौधरी व विमला चौधरी अजमेर वाले के सौजन्य से की गई एवं शिविर के लाभार्थी परसा, शिवराज, बुधाराम, सत्यनारायण, राकेश प्रजापत मेडता सिटी रहे।

लीड़ी में परोपकार करते समय 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

मांगलियावास(निसं)। लीड़ी गांव में पक्षियों को दाना-पानी डालने गए 70 वर्षीय बुजुर्ग की कुंए में गिरने से मौत हुई थी। शनिवार शाम कुंए में शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया गया। थानाधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि लीड़ी गांव के रायमला रोड पर श्यामलाल पुत्र बंशीलाल वाल्मीकि का शव सार्वजनिक कुंए में पड़ा मिला। मृतक के पुत्र मुन्नालाल वाल्मीकि ने रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता पिछले कई वर्षों से पनघट पर पक्षियों को दाना-पानी डालने जाते थे। शनिवार सुबह भी वे दाना डालने और पानी भरने गए थे। वहीं पानी निकालते समय असंतुलित होकर वे कुंए में गिर पडे। शाम तक घर नहीं लौटने पर तलाश की गई, तब कुंए में उनका शव मिला। सूचना पर हैड कांस्टेबल बाबूलाल मीणा मौके पर पहुंचे और ठाामीणों की मदद से शव को बाहर निकाल कर पीसांगन मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

बच्चों को निमोनिया से बचाव

कोटा, (निसं)। सर्दियों के दौरान 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया से बचाव और उपचार के लिए 12 नवम्बर से 28 फरवरी तक 'सांस' अभियान (सोशल अवेयरनेस एण्ड एक्शन टू न्यूट्रलाइज निमोनिया सक्सेसफुली) चलाया गया है। सीएमएचओ डॉ.नरेंद्र नागर ने बताया कि अभियान की टेग लाईन 'निमोनिया नही तो बचपन सही' पर जागरूकता गतिविधियां की जाएंगी। अस्पतालों में जन्म से पांच साल की आयु के बच्चों में निमोनिया की प्रभावी रोकथाम संबधी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चत किए जाएंगे। आरसीएचओ डॉ.रमेश कारगवाल ने बताया कि सर्दियों के मौसम में 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया का खतरा अधिक रहता है। अभियान में 5 वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों की निमोनिया की स्क्रीनिंग की जाएगी। चिकित्सा अधिकारियों व नर्सिंग अधिकारियों को निमोनिया स्कील लैब के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

सहकार आंदोलन के मूल सिद्धांत-आत्म सहायता

कोटा, (निसं)। कोटा सहकारी भूमि विकास बैंक, कोटा की ओर से 14 से 20 नवंबर 2025 तक आयोजित 72वें अखिल भारतीय सहकार सप्ताह के दौरान सहकारिता आंदोलन की उपयोगिता, उसके सिद्धांतों तथा ग्रामीण विकास में सहकारी संस्थाओं की भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श बैंक अध्यक्ष चैनसिंह की अध्यक्षता में किया गया। सप्ताहभर चले कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की आर्थिक संरचना में सहकारी समितियों के महत्व को रेखांकित करना और समाज के विभिन्न वर्गों में सहकारिता की भावना को मजबूत करना रहा। संगोष्ठि में उपरजिस्ट्रार सहकारी समिति राजेश मीणा, संचालक डॉ.प्राची दीक्षित, निहाल सिंह राठौड़, जगदीश प्रसाद मीणा, बैंक सचिव व उपरजिस्ट्रार ऋतु सपरा को सहकारिता एवं बैंक के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। वक्ताओं ने सहकार आंदोलन के मूल सिद्धांत-आत्म सहायता, आत्मनिर्भरता, लोकतंत्र, समानता, समता और एकजुटता को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

डॉ. अरोड़ा को फेलोशिप की उपाधि

अजमेर(निसं) । जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर के श्वसन रोग विभाग में कार्यरत सह-आचार्य डॉ. पीयूष अरोड़ा को जयपुर में आयोजित श्वास रोग विशेषज्ञों के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन में एफ.आई.सी.एस. (फेलोशिप ऑफ इंडियन चेस्ट सोसाइटी) की प्रतिष्ठित उपाधि प्रदान की गई। यह सम्मान उन्हें इंडियन चेस्ट सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. अरोड़ा ने इसी अधिवेशन में नवीनतम फेफड़ों की कार्यक्षमता की जाँच (पल्मोनरी फंक्शन टेस्टिंग) पर आयोजित कार्यशाला में व्याख्यान दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मौसमी एलर्जी के कारण उत्पन्न दमा तथा एलर्जी संबंधी रोगों पर भी सम्मेलन में विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसे प्रतिभागियों द्वारा अत्यंत सराहा गया।

राष्ट्रीय कवि शर्मा को महाकवि चंदबरदाई से सम्मानित

अजमेर, (निसं)। सप्तक संस्था द्वारा 11वां महाकवि चंदबरदाई सम्मान समारोह रविवार को डीआरएम ऑफिस के पास स्थित जिला गौड़ ब्राह्मण सभा कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ। समारोह में सप्तक की ओर से 11वां महाकवि चंदबरदाई सम्मान प्रसिद्ध कवि, साहित्यकार और गीतकार श्रीकांत शर्मा को प्रदान किया गया।

सप्तक, संगीता स्मृति सेवा संस्थान, अखिल भारतीय साहित्य परिषद और अजमेर जिला गौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से आयोजित दीपोत्सव स्नेह मिलन और महाकवि चंदबरदाई सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को हुआ। जाने माने कवि और साहित्यकार श्रीकांत शर्मा ने समारोह में जब दशानन के माता सीता को लंका लाने पर कविता रावण को लिखूं मूढमती या लिखूं मैं उसकी चतुराई, सारी जगती के ठाकुर को जो दिखलाता है ठाकुराई। दुर्गा का रूप स्वयं सीता जिसको रावण हर लाया, ये कैसा ज्ञानी ध्यानी है खुद मृत्यु को वर लाया प्रस्तुत की तो सभागार तालियों से गुंजायमान हो गया। समारोह में डॉ. रमेश अग्रवाल, पुष्पा शर्मा, मास्टर अणव शर्मा, कुलदीप सिंह रत्नू, सुमन शर्मा, डॉ. मधु खंडेलवाल, उमेश चौरासिया, पुष्पा शर्मा, डॉ. अंजू शर्मा आदि ने भी कविता पाठ किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय साहित्य परिषद न्यास द्वारा प्रकाशित आत्मबोध से विश्वबोध पुस्तक का विमोचन भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आरएसएस के महानगर संघचालक खाजूलाल चौहान रहे। समारोह का संचालन डॉ. कृष्णकांत शर्मा और वर्तिका शर्मा ने किया। समारोह में समारोह में सप्तक की ओर से 11वां महाकवि चंदबरदाई सम्मान कवि, साहित्यकार और गीतकार श्रीकांत शर्मा को प्रदान किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप 21 हजार रुपए नकद और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समारोह में सप्तक के मार्गदर्शक सुनील दत्त जैन, अध्यक्ष ललित चतुर्वेदी, ललित कुमार शर्मा, एसपी मित्तल, शशि प्रकाश , रिटायर जज नवल किशोर शर्मा, पोक्सो कोर्ट जज अल्का शर्मा, मनोज डबराल, गोप मीरानी, नितिन सोनी, राजीव सक्सेना, रविन्द्र जैन, नरेंद्र जैन, गिरधारी मंगल, अनिल भारद्वाज सहित अन्य उपस्थित थे।

अजमेर में आठ एडिशनल एसपी इधर-उधर

■ गृह विभाग की ओर से 142 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का तबादला किया

अजमेर,(निसं)। राजस्थान पुलिस मुख्यालय द्वारा दे रात एक आदेश जारी कर बड़ा फेरबदल किया है। गृह विभाग की ओर से 142 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का तबादला किया है, जिसमें अजमेर में कई एडिशनल एसपी इधर-उधर हुए हैं।

अजमेर के पुलिस बेड़े में 8 एएसपी इधर-उधर हुए है, बदलाव के चलते आईजी आफिस में अपराध एवं सतर्कता के पद पर तैनात विजय सांखला को केकड़ी एडिशनल एसपी पद पर लगाया है, वहीं परबतसर से जिनेन्द्र कुमार जैन को आईजी ऑफिस में पोस्टिंग दी है। इसी प्रकार अभय कमांड सेंटर में एडिशनल एसपी पद पर रविंद्र यादव व खान मोहम्मद को लगाया है। महिला अपराध व अनुसंधान सेल में प्रियंका कुमावत, सीआईडी सीबी सेल में कैलाश सिंह सांदू को पोस्टिंग दी गई है। श्यामसुंदर विश्नोई को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप में एडिशनल एसपी लगाया है, वहीं राजेन्द्र सिंह को पीटीएस किशनगढ़ में एडिशनल एसपी पोस्टिंग दी है।

द्वितीय श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह 30 दिसंबर को

■ 11 कन्या व वर को सिंध की रीति-रिवाज की जानकारी व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

अजमेर (निसं)। स्वामी हिरदाराम साहिब की प्रेरणा से सांई बाबा मंदिर अजमेर, ताराचंद हुंदल दास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर, सिंधी समाज महासमिति, सिंधी लेडीज क्लब व मास्टर वासुदेव मंघानी सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह का आयोजन सांई बाबा मंदिर, अजय नगर में मंगलवार, 30 दिसंबर, 2025 को प्रात: 9 बजे से सायं 5:30 बजे तक होगा। इसके लिए रसोई बैंक्वेट हॉल, स्वामी कॉम्पलेक्स में कन्या व वर पक्ष के परिवारों को विवाह हेतु विधि विधान व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि इस अवसर पर सिंध से चले आ रहे रीति-रिवाजों पर जानकारी दी गई और डिख, बारात भ्रमण, फेरे व आशीर्वाद समारोह में आवश्यक परंपराओं की जानकारी पंड़ितों द्वारा दी गई। मेहमानों के देशभर से आने की जानकारी ली गई व संस्था द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को साझा किया।इसके अतिरिक्त कन्या की अंगूठी, चैन, लहंगे, ड्रेस, सैंडिल, चूंडियों व मोजड़ी तथा वर के लिए जोधपुरी सूट, शर्ट, जूते व अन्य नाप अनुभवी वेडर्स द्वारा ली गई। समिति के सह-संयोजक हरी चंदनानी ने बताया कि अप्रवासी भारतीय सुरेश के.लाल, महेश तेजवानी, रामचन्द्र गुलाबानी व अप्रवासी अमोलक खानचंदानी यू.एस.ए. व भामाशाहों के सहयोग से यह कन्यादान समारोह संत-महात्माओं के आशीर्वाद व विद्धान पंडितों द्वारा संपादित किया जायेगा।देशभर से आये कन्या, वर व दोनों पक्षों के परिवारों के साथ कोर कमेटी के हर्षिका चन्द्र मंघानी, शंकर बदलानी, गिरधर तेजवानी, दिशा प्रकाश किशनानी, प्रेम केवलरमानी, दीपक साधवानी, कुसुम आर्य, राजेश धनवानी, ललित लौंगानी, देवीदास साजनानी, कोमल लालवानी प्रियंका किशनानी,रेणू खानचंदानी, भरत सोमी, चन्दर नोतानी, आई.जी. भम्भानी, पं. संजय शर्मा, पं. कमल भारद्वाज सहित समिति के समाज बंधु उपस्थित थे।

अवैध पत्थर ले जाने वाले ट्रैक्टर चालकों पर कार्रवाई की मांग

मांगलियावास(निसं)। नेशनल हाईवे 8 से दौलत खेड़ा होते हुए जेठाना मार्ग पर अवैध पत्थर से भरे तेज रफ्तार ट्रैक्टरों की आवाजाही से ग्रामीणों में रोष है, वार्ड पंच शंकर लाल चिड़ीवाल ने बताया कि रोजाना तेज गति से गुजरते ट्रैक्टरों से किसी भी समय बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद पुलिस इन पर कार्रवाई नहीं कर रही है। सोमवार को ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवाई। ग्रामीणों के अनुसार कई ट्रैक्टर नाबालिग या बिना लाइसेंस वाले लोग चलाते हैं, जिससे खतरा और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने चालकों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन उनका कहना था कि वे पुलिस से बचने के लिए तेज गति से निकलने को मजबूर हैं।

परिवहन विभाग द्वारा सडक हादसों में मारे गए लोगों की श्रद्धांजलि सभा

गुलाबपुरा(निसं)। राज्य परिवहन विभाग द्वारा सडक़ सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रविवार को गुलाबपुरा उपखंड शहरी क्षेत्र में सडक़ दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका परिसर के बाहर स्थित महाराणा प्रताप सर्कल पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने मोमबत्ती जलाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में शाहपुरा परिवहन अधिकारी विवेक सिरोटा ने सडक़ सुरक्षा से जुडे विभिन्न नियमों, सावधानियों और यातायात अनुशासन की महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सडक़ हादसों को रोकने के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट, गति नियंत्रण और शराब पीकर वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सडक़ पर छोटी-सी लापरवाही भी बड़ा हादसा बन सकती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी के साथ यातायात नियमों का पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर दीनदयाल गुर्जर, जगदेव योगी, राघव सिंह, लोकेश सिसोदिया, सुरेंद्र सिंह, संपत पायक, संजय गुर्जर, मुकेश खटीक, कैलाश मेवाड़ा, जगदीश खटीक सहित अनेक नागरिकों ने मोमबत्ती जलाकर पूरे प्रदेश में सडक़ दुर्घटनाओं में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में सडक़ सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाना तथा दुर्घटना रोकथाम के उपायों को व्यापक स्तर पर आमजन तक पहुँचाना था। उपस्थित सहभागीजन ने प्रतिज्ञा ली कि वे स्वयं यातायात नियमों का पालन करेंगे तथा समाज को भी इसके लिए जागरूक करेंगे।

खेल से मनोरंजन ही नहीं बल्कि खेल से अपने आप को स्वस्थ भी रखना जरूरी है : भड़ाना

■ पत्रकार पैंथर्स और दबंग पत्रकार की टीम ने जीता पहला मुकाबला

अजमेर(निसं)। मीडिया क्लब अजमेर की ओर से आयोजित 7 वीं इंटर मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को आगाज हुआ, चंद्रवरदाई खेल मैदान में रविवार को दो मैच खेले गए। टूर्नामेंट का शुभारंभ राजस्थान देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष और बीजेपी के प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश भड़ाना ने किया। भडाना ने क्रिकेट पिच पर औपचारिक रूप से बल्लेबाजी करते हुए करते हुए टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर ओमप्रकाश भड़ाना ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि खेल के माध्यम से मनोरंजन ही नहीं बल्कि खेल के माध्यम से अपने आप को स्वस्थ भी रखना जरूरी है, भड़ाना ने 7 वीं इंटर मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन के सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी और खेल के माध्यम से अपने आप को भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट रखने का संदेश दिया। ओमप्रकाश भड़ाना ने बल्लेबाजी करते हुए पूरा एक ओवर खेला और ग्राउंड पर मौजूद पत्रकारों से खुशनुमा माहौल में चर्चा भी की और दर्शक दीर्घा में बैठकर पत्रकारों के क्रिकेट मैच के लिए कॉमेंट्री कर उनकी हौसला अफजाई की । इस टूर्नामेंट में प्रतिष्ठित दैनिक हिंदी व अंग्रेजी समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, डिजिटल मीडिया, वेब मीडिया, केबल न्यूज चैनल से जुडे पत्रकार और फोटो जर्नलिस्ट भाग ले रहे है।

पहला मैच अशोक भाटी की कप्तानी में पत्रकार पैंथर्स और मनीष सिंह की कप्तानी में किंग्स इलेवन मीडिया के बीच खेला गया। पत्रकार पैंथर्स के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय किया। किंग्स इलेवन मीडिया की टीम ने 14.4 ओवर में 69 रन बनाकर ऑल आउट हो गई , लक्ष्य का पीछा करते हुए पत्रकार पैंथर्स की टीम ने महज 12 वे ओवर में ही 7 विकेट से जीत हासिल कर ली । इस मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पत्रकार पैंथर्स के सोमेश सिंह राठौड़ को नाबाद 28 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया। किंग्स इलेवन की ओर से अभिजीत दवे ने 4 ओवर में 23 रन देकर 3 विकेट झटके।

दूसरा मुकाबला दुर्गेश की कप्तानी में दबंद पत्रकार और शुभम् जैन की कप्तानी में जर्नलिस्ट रॉयल के बीच खेला गया।

राजस्थान गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा का दो दिवसीय अधिवेशन संपन्न

पुष्कर(निसं)। राजस्थान गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में गौतम आश्रम, पुष्कर में आयोजित दो दिवसीय अधिवेशन के तहत रविवार को समाज का खुला अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज उत्थान, विकास तथा सामाजिक कुरीतियों के विरोध में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व निदेशक दिनेश दूबे एवं अयोध्या श्री रामलाल सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. आचार्य राजानंद शास्त्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज की प्रतिभावान विभूतियों और भामाशाहों का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह राजस्थान गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा एवं अन्य अतिथियों द्वारा संपन्न हुआ।

सभा अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अधिवेशन में समाज उत्थान एवं विकास कार्यों से जुडे कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। वहीं, अतिथियों की उपस्थिति में राजस्थान गुर्जर गौड़ ब्राह्मण सभा की कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों एवं नवगठित प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्यों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाकर प्रमाण पत्र सौंपे गए। महिला कार्यकारिणी ने भी शपथ ठाहण समारोह में भाग लेकर शपथ ली। अधिवेशन में समाजजनों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा अजमेर द्वारा महिला स्वर्ग संगोष्ठी

■ यह संगोष्ठी पूरे राजस्थान की 402 उप शाखाओं में एक साथ आयोजित की गई

अजमेर(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा अजमेर की ओर से उपशाखा स्तर पर महिला संवर्ग संगोष्ठी का आयोजन संगठन कार्यालय, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय, तोपदड़ा अजमेर में किया गया। यह संगोष्ठी पूरे राजस्थान की 402 उप शाखाओं में एक साथ आयोजित की गई। यशवंत सिंह जादम ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य महिला शिक्षिकाओं में संगठनात्मक जागरूकता बढ़ाना, समाज, राष्ट्र, विद्यालय व विद्यार्थी हित को सर्वोपरि रखना तथा संगठन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

प्रथम सत्र: प्रथम सत्र की अध्यक्षता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नागेलाव की प्रधानाचार्य राजबाला ने की। मुख्य वक्ता के रूप में मातृशक्ति क्षेत्रीय संयोजक, विश्व हिंदू परिषद राजस्थान अभिलाषा यादव ने मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कर्नाटक की वीर साम्राज्ञी रानी अम्बक्का देवी के जीवन, संघर्ष और उनके प्रेरक योगदान पर प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र: द्वितीय सत्र की अध्यक्षता राजेश सत्यवाना ने की तथा मुख्य वक्ता रेखा बघेल रहीं, जिन्होंने संगठन की नीतियों एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत परिचय प्रस्तुत किया। अध्यक्षता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) ममता जाखड ने की। मुख्य वक्ता राजेश सत्यावना रहीं, जिन्होंने महिला शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्याओं, चुनौतियों एवं उनके निराकरण के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। इस सत्र में महिला शिक्षिकाओं से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथियों के साथ-साथ गायत्री, रेखा यादव, अलका पवार, मधु शर्मा, कुसुमलता यादव, सुमन टॉक, हिमानी नामा, सुमन टिकवाड़ा, मीरा कुमारी, पूजा सहित अनेक शिक्षिकाओं ने सहभागिता दर्ज कराई।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में वर्षगांठ समारोह

कोटा, (निसं)। कोटा शहर स्थित श्री पार्श्वनाथ निलय में रविवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के वर्षगांठ समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणिनी आर्यिका विभाश्री माताजी (संसंघ) का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ। सुबह 6 बजे जिनसहस्त्रनाम अभिषेक तथा शांतिधारा के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात् श्रद्धालुओं को पूज्य गुरु माँ के मंगलमय उपदेश सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जैन समाज की महिला मंडल ने संगीतमय भक्तिभाव से मंगलाचरण प्रस्तुत किया। दोपहर 1 बजे से जिनसहस्त्रनाम विधान का आयोजन किया गया।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामानतरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरीभाऊ उपाध्याय नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 175 है जिसका क्षेत्रफल 213.33 वर्ग गज है के आवंटी/अन्तरिति सु. श्री. दुर्गा देवी सुपुत्री स्व. श्री गुलाब चन्द कच्छावा निवासी मकान नं. 16/38, रोड भवन, आदर्श मोहल्ला, पुरानी मण्डी, अजमेर की मृत्यु दिनांक 21/12/2017 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा पंजीकृत दिनांक 13/11/2017 सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु क्रमशः 1. श्री मंगलसिंह कच्छावा व 2. श्री राकेश कुमार कच्छावा पुत्रगण स्व. श्री गुलाब चन्द कच्छावा निवासी मकान नं. 16/38, रोड भवन, आदर्श मोहल्ला, पुरानी मण्डी,अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) अरांई जिला अजमेर

आपत्ति आमंत्रण

प्रकरण संख्या /01/2025

न्यायालय तहसीलदार अरांई में प्रार्थीगण श्री दशरथ कुमार शर्मा व श्री रामजीलाल शर्मा पुत्र श्री रामपाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी माण्डियावडखुर्द तहसील अरांई ने ग्राम माण्डियावडखुर्द स्थित मृतक श्री गणेश पुत्र लादू जाति ब्राह्मण निवासी माण्डियावडखुर्द के नाम दर्ज खातेदारी/सहखातेदारी कृषि भूमि ख.नं. 12,24,25,21,100,103,107,22,39,108,116,207 में श्री गणेश पुत्र लादू के फौत हो जाने पर दिनांक 11/06/2012 को पंजीकृत वसीयत (इच्छा पत्र) के आधार पर नामान्तरण खुलवाने हेतु आवेदन किया है। उक्त प्रार्थना पत्र न्यायालय तहसीलदार अरांई ने राज० भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) अन्तर्गत विचाराधीन है। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र में निवेदन किया है कि दिनांक 11/06/2012 को श्री गणेश पुत्र लादू जाति ब्राह्मण निवासी माण्डियावडखुर्द द्वारा ग्राम माण्डियावडखुर्द की कृषि भूमि खातेदारी/सहखातेदारी कृषि भूमि 12,24,25,21,100,103,107,22,39,108,116,207 को पंजीकृत वसीतनामा के द्वारा प्रार्थीगण श्री दशरथ कुमार शर्मा व श्री रामजीलाल शर्मा पुत्र श्री रामपाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी माण्डियावडखुर्द तहसील अरांई के पक्ष में की गई वसीयत के आधार पर नामान्तरण खोला जावे। आपत्ति आमंत्रण की जाती है कि उक्त कृषि भूमि का नामान्तरकरण प्रार्थीगण श्री दशरथ कुमार शर्मा व श्री रामजीलाल शर्मा पुत्र श्री रामपाल शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी माण्डियावडखुर्द तहसील अरांई के पक्ष में करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति संगठन या कंपनी आदि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आपत्ति आमंत्रण के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर इस न्यायालय के समक्ष लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

-तहसीलदार, अरांई, अजमेर